आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नशे के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का होगा शुभारम्भ। आज युवा नशा मुक्त विकसित भारत संकल्प लेंगे।
- सारथी परियोजना से मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा, केंद्रीय मंत्रियों ने अस्पतालों में युवाओं की भागीदारी वाली परियोजना को व्यापक बनाने पर किया मंथन।
- चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में प्रकृति और पक्षी संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए रेनफॉरेस्ट बर्डिंग ट्रेल का आयोजन किया गया।
- एम.वी. स्वराजद्वीप कल श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा – विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत करेंगे। नशे की लत के ख़िलाफ़ सौ सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में देश भर के 10 हज़ार से अधिक स्थानों के जुड़ने और एक करोड़ से अधिक युवा भाग लेंगे। माय भारत वॉलंटियर्स, यूथ क्लब, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर–सरकारी संगठन, उद्योग संगठनों और एक सौ पच्चीस से अधिक आध्यात्मिक संगठन के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'माई भारत' के सहयोग से आज सुबह 10 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में 'नशा मुक्त युवा – विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम देशव्यापी 'नशा मुक्त भारतअभियान' के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

दक्षिण अंडमान जिले से भी लगभग एक हजार 'माई भारत' स्वयं सेवकों और युवाओं के इसमें भाग लेने की संभावना है। इस अभियान के तहत खेल, फिटनेस, योग, ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियों, जन–जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 100 सप्ताह का राष्ट्रव्यापी रविवार अभियान भी शुरू किया जाएगा। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन और माई भारत, श्री विजयपुरम ने सभी शिक्षण संस्थानों, युवा संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, अभिभावकों और नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने तथा माई भारत पोर्टल पर ई–प्लेज लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देशभर के अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में सारथी परियोजना के विस्तार की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी बैठक में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने युवाओं की भागीदारी वाली मरीज सहायता पहल को और व्यापक बनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि सारथी परियोजना ने दिखाया है कि व्यवस्थित स्वयंसेवी भागीदारी से मरीजों की सुविधा बढ़ाई जा सकती है और स्वास्थ्यकर्मी अपनी जिम्मेदारियों पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के तहत प्रातरापुर विकास खंड द्वारा बिडनाबाद ग्राम पंचायत में आजीविका संवर्धन से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज निदेशक डॉ. अपूर्वा शर्मा ने दीनदयाल अंतयोदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्थापित एक पशुधन सेवा केंद्र तथा विकसित भारत–जी–राम–जी योजना के तहत निर्मित दो पोल्ट्री शेल्टर का उद्‌घाटन किया। रंगाचांग वार्ड नंबर–4 में स्थापित पशुधन सेवा केंद्र में हैचरी यूनिट लगाया गया है। नए पोल्ट्री शेल्टर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से मुर्गी पालन कर नियमित आय अर्जित करने में मदद करेंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन मेले, उत्सव और कार्यक्रम 2026–27 के तहत सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने कल पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान में रेन फॉरेस्ट बर्डिंग ट्रेल का आयोजन किया। जैविक उद्यान की उप निदेशक मीरा नांबियार ने उद्यान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटकर वन रक्षक राम विकास, वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद सिंह और एवियन्स क्लब के सदस्य रूबेन पॉल के मार्गदर्शन में प्रकृति भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में पक्षी प्रेमियों, विद्यार्थियों, फोटोग्राफरों, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों और आम नागरिकों सहित चौवन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने प्रकृति भ्रमण किया और लगभग 20 प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें स्थानीय और प्रवासी पक्षियों, उनकी जैव विविधता तथा वर्षावनों के संरक्षण के महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पक्षी अवलोकन को पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन गतिविधि के रूप में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने द्वीप समूह के पात्र स्वयं सहायता समूहों से विभाग के मत्स्य संग्रहालय–सह–जलजीव गृह परिसर में बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस बिक्री केंद्र के माध्यम से मत्स्य उत्पादों तथा विभाग द्वारा अनुमोदित अन्य वस्तुओं की बिक्री की जाएगी। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना और संग्रहालय आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इच्छुक एवं पात्र स्वयं सहायता समूह निर्धारित दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी की अनुशंसा सहित आवेदन 16 अगस्त तक सहायक निदेशक, मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम, मत्स्य निदेशालय, श्री विजय पुरम के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप कल सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामानों को चढ़ाने का कार्य आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा।

यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल  सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए अस्थायी रूप से पात्र अभ्यर्थियों की पूर्व घोषित परीक्षा कार्यक्रम में प्रशासनिक कारणों से संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अठारह अगस्त को सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक सिविल, कंप्यूटर साइंस एवं गणित विषय के व्याख्याता पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। उन्नीस अगस्त को इसी समय सिविल और कंप्यूटर साइंस के लैब तकनीशियन पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, बीस अगस्त से संबंधित पदों के लिए कौशल परीक्षा आयोजित होगी। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे पहले जारी किया गया प्रवेश पत्र ही साथ लेकर परीक्षा में शामिल हों।

<><><><><><><>

मौसम विभाग ने निकोबार द्वीप समूह के एक–दो स्थानों पर आज भारी वर्षा की संभावना जताई है। इसके साथ ही आज से सात अगस्त तक द्वीप समूह के अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। कल से पाँच अगस्त तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। तटीय क्षेत्रों में ऊँची लहरें उठने की भी आशंका है। ऐसे में नौकाओं के संचालन और समुद्र तटों पर जाने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश हेतु परामर्श–सह–प्रवेश प्रक्रिया पाँच और छह अगस्त को आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दिन बी एस सी मनोविज्ञान और बीए अंग्रेजी को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों के लिए ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार होम गार्ड संगठन की ओर से चयनित होम गार्ड स्वयंसेवकों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यार्थियों को सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद 10 अगस्त को सुबह दस बजे पहाड़गांव थाना के होमगार्ड कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**